साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



संस्थापक :
कर्मयोगी श्री मुखी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Sunday,23 January , 2022)

Faridabad News, 23 January 2022 (bharatdartshannews.com) : अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आज दिनांक 23 जनवरी 2022 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के शुभ अवसर पर महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस, एन.सी.सी. व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के लिए समर्पण से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्हें राष्ट्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बताया । प्राचार्य जी ने बताया कि नेताजी का हृदय देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत था और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वे सबसे अग्रणी व सबसे बड़े नेता थे। इन सब को देखते हुए भारत सरकार ने गत वर्ष उनके जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया। इस वर्ष से इंडिया गेट पर स्थित अमरजवान ज्योति पर भी उनकी प्रतिमा रखी जाएगी और गणतंत्र दिवस को जो पहले तीन दिनों तक 24, 25 और 26 जनवरी को मनाया जाता था व इस वर्ष से 23 जनवरी से मनाने का फैसला लिया है। प्राचार्य जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर उन्हें भी सफल होना है तो नेताजी के दिखाएं रास्ते व उनके कभी ना हार मानने के जज्बे का अनुसरण करना होगा। उनके द्वारा दिया गया "जय हिंद" का नारा राष्ट्रीय नारा बन गया है। उन्होंने "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा" का नारा भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. के. एल. कौशिक, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. नरेश कामरा, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. रामचंद्र , डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. ऋतु, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा सैन, डॉ. पूजा सैनी, श्री सुभाष, श्री मनमोहन सिंगला व महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, एन.सी.सी. व राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 150 स्वयंसेवक मौजूद रहे।